दिनांकः 12.03.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री ये किस्त असम के गुवाहाटी से लाभार्थी किसानों के खातों में हस्तांतरित करेंगे। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इस योजना के अंतर्गत अब तक किसानों को 4 लाख 9 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी जा चुकी है।

....

000

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और गृह मंत्री अमित शाह ने ऐतिहासिक दांडी मार्च में भाग लेने वाले सभी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। आज सोशल मीडिया पोस्ट में श्री राधाकृष्णन ने कहा कि महात्मा गांधी के नेतृत्व में 1930 में आज ही के दिन शुरू हुआ दांडी सत्याग्रह भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का एक महत्वपूर्ण मोड़ था। वहीं प्रधानमंत्री ने संस्कृत श्लोक साझा करते हुए सत्य की विजय पर जोर दिया।

000

आज विश्व गुर्दा दिवस है। इस अवसर पर केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा ने गुर्दे को स्वस्थ रखने और उससे संबंधित बीमारियों की जल्द पहचान तथा रोकथाम के लिए जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में सुधार लाने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम शुरू किया।

उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से अब पूरे देश में हजारों डायलिसिस केंद्र लाखों लोगों को जीवन रक्षक उपचार प्रदान कर रहे हैं।

000

राजस्थान स्थापना दिवस के अवसर पर देवस्थान विभाग 18 मार्च को प्रदेश के 593 राजकीय और ट्रस्टों द्वारा संचालित 21 मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित करेगा। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने विभाग की बैठक में इसके निर्देश दिए। मंत्री ने बताया कि 18 मार्च को 563 राजकीय मंदिरों में आरती और 51 प्रमुख मंदिरों में संध्या के समय महाआरती की जाएगी। इस दौरान मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन, सजावट और भजन संध्या का आयोजन होगा। इन कार्यक्रमों में जयपुर का मोती डूंगरी गणेश मंदिर, दौसा का मेंहदीपुर बालाजी और डीग का पुंछरी का लोठा मंदिर भी शामिल हैं। इसके अलावा जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर और कोटा सहित विभिन्न जिलों के प्रमुख मंदिरों में पूजा–अर्चना की जाएगी। इन आयोजनों का उद्देश्य आमजन को राज्य की संस्कृति और विरासत से जोड़ना है।

000

सरिस्का बाघ परियोजना क्षेत्र में बाघिन एसटी–17 ने तीन शावकों को जन्म दिया है। वन विभाग ने कैमरा ट्रैप तस्वीरों और फील्ड मॉनिटरिंग के आधार पर इसकी आधिकारिक पुष्टि की है। वन विभाग के अनुसार अकबरपुर रेंज क्षेत्र में लगाए गए कैमरा ट्रैप में ये बाघिन अपने तीनों शावकों के साथ स्पष्ट रूप से नजर आई।

शुरुआती निगरानी में बाघिन और शावकों की गतिविधियां सामान्य पाई गई हैं। मॉनिटरिंग टीम लगातार निगरानी रखे हुए है।

000

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अभी से ही गर्मी के तेवर तीखे हो रहे हैं। राज्य के पश्चिमी हिस्सों में लू का असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में जैसलमेर, बाड़मेर और बालोतरा के इलाकों में अधिकतम तापमान 39 से 41 डिग्री सेल्सियस के बीच मापा गया। सबसे ज्यादा 40 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर में दर्ज हुआ। विभाग ने आने वाले दिनों में तेज गर्मी का दौर जारी रहने संभावना व्यक्त की है। इस बीच, मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने 14 मार्च को प्रदेश

के आठ जिलों में आंधी और हल्की बारिश का यलो अलर्ट भी जारी किया है। प्रदेश में हीटवेव की आशंका को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सभी सरकारी अस्पतालों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखने, कूलर–पंखे, एसी और पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही मरीजों और उनके परिजनों को धूप से बचाने के लिए अस्पताल परिसरों में छाया की व्यवस्था करने को कहा गया है।

000